फल विक्रेताओं का अतिक्रमण न्यू ग्रेन मंडी मुख्य मार्ग पर अवरोध बना

कोटा, (निसं)। डीसीएम मार्ग पर न्यू ग्रेन मंडी परिसर में लम्बे समय से फल एवं सब्जी विक्रेता मुख्य सड़क के दोनों ओर अवैध दुकान व ठेले लगाकर सरेआम यातायात को बाधित कर रहे हैं। नगर निगम द्वारा यहां फैली गंदगी को दूर नहीं करने से क्षेत्र में मौसमी बीमारियां फैलने का अंदेशा है।

न्यू ग्रेन मंडी विकास समिति के अध्यक्ष मिलिंद विजयवर्गीय ने बताया कि 300 मकानों की इस कॉलोनी में यूआईटी द्वारा भूखंड आवंटित किये गये थे, जिसमें आवासीय, शोरूम, गोदाम, ऑफिस आदि संचालित हैं। दूसरी ओर, शहर की मुख्य होलसेल फल व सब्जीमंडी में जाने का एकमात्र रास्ता भी यहां से गुजरता है। इसी मार्ग से किसान अपनी उपज को ट्रकों व ट्रेक्टर ट्रालियों में भरकर मंडी में विक्रय के लिये आते हैं, जिससे यहां यातायात का दबाव बना रहता है। यूआईटी द्वारा अक्टूबर, 2018 में इस थोक फल सब्जीमंडी को चंद्रसेल में शिफ्ट करने की योजना बनाई थी, जिसके लिये

कोटा न्यू ग्रेन मंडी मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हो रहा है।

114748 वर्गमीटर भूमि आवंटित की गई थी लेकिन 50 प्रतिशत राशि 18.55 करोड़ रू मंडी समिति ने जमा नहीं कराई, जिससे आवंटन नहीं हो सका और यह योजना लम्बित रह गई। समिति के उपाध्यक्ष सीए नवनीत जाजू एवं महासचिव त्रिलोक गौतम ने बताया कि इस मुख्य मार्ग पर फल विक्रेता जबरन अतिक्रमण कर आवागमन को प्रभावित कर रहे हैं।

वे यहां के रहवासियों के साथ अभद्र व्यवहार कर खुले मार्ग पर गंदगी और कचरा फैला रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग पर अतिक्रमण होने से रोज सुबह जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, कई दुर्घटनायें भी हो चुकी हैं। समिति ने इस ज्वलंत समस्या के लिये जिला प्रशासन, नगर निगम व

- न्यू ग्रेन मंडी विकास समिति ने कलेक्टर से अतिक्रमण हटाने की मांग की

यूआईटी को कई बार लिखित शिकायत की लेकिन कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायत का भी कोई समाधान नहीं हुआ।

नगर निगम अधिकारियों ने चुनावी आचार संहिता के बहाने अतिक्रमियों को आवागमन बाधित करने की खुली छूट दे दी है। समिति ने जिला कलक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी को ज्ञापन भेजकर आग्रह किया इस जनसमस्या के स्थायी हल के लिये संबंधित विभागों को उचित दिशा निर्देश प्रदान करें। इस क्षेत्र में बरसात के मौसम में कीचड़ व गंदगी के ढेर होने से मच्छरों को प्रकोप कई गुना बढ़ जाता है जिससे महामारी फैल सकती है।

दो प्रतिष्ठानों से मिर्च, हल्दी पाउडर के चार नमूने लिए

कोटा में मिलावट के खिलाफ अभियान में नमूने लिए गए हैं।

कोटा, (निसं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा टीम ने सोमवार को शहर में दो प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मसालों के 4 नमूने लिए। सीएमएचओ डॉ.जगदीश सोनी ने बताया कि अग्रसेन बाज़ार रामपुरा स्थित वर्धमान स्पाइसेस से 2 नमूने मिर्च पाउडर व हल्दी पाउडर के तथा राजेन्द्र एण्ड ब्रदर्स अग्रसेन बाजार से भी हल्दी व मिर्च पाउडर के दो नमूने लिए गए।

खाद्य सुरक्षा एवम् मानक अधिनियम में लिये गए चारों नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशला भेजा गया है। मिलावट पाए जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादोन और नितेश गौतम शामिल थे। सीएमएचओ ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत सोमवार से मसालों के नमूनीकरण की कार्रवाई शुरू की गई है। अभियान का संचालन अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के निर्देशन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर आयु इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

संभागीय आयुक्त आज बैठक लेंगी

कोटा (निसं)। संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया की अध्यक्षता में संभाग में भीषण गर्मी को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में 28 मई को प्रातः 10:30 बजे सीएडी सभागार में बैठक बुलाई गई है। बैठक में विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम अर्जुन सिंह से बदलकर नया नाम अर्जुन सिंह गौड़ रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-अर्जुन सिंह गौड़ पुत्र कल्याण सिंह गांव-बरखेड़ा पोस्ट लीमी झालावाड़

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम सरफराज से बदलकर नया नाम सरफराज नवाज रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-सरफराज नवाज पुत्र सुल्तान खान मकान नम्बर 39 शिव नगर पुलिस लाईन कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम मोहम्मद शकिर से बदलकर नया नाम शकिर सींगीवाला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-शकिर सींगीवाला पुत्र शकूर मोहम्मद पावर हाउस के पास केशवराय पाटन बून्दी

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम JIVEN SINGH से बदलकर नया नाम JEEVAN SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-जीवन सिंह पुत्र मोहन सिंह देवी माता का झोपड़ा बरूंधन बून्दी

खोया-पाया

मेरे मकान नं. 6 डी 7 महावीर नगर विस्तार योजना के आवासन मंडल द्वारा जारी मूल आवंटन पत्र, मूल कब्जा पत्र, मूल इन्वेटरी डिक्लेरेशन, मूल नियमितिकरण, मूल अदेय प्रमाण पत्र एवं मूल निरस्तीकरण पत्र कही पर खो गए है। जिस किसी को मिले निम्न पते पर पहुंचाने का कष्ट करें।

पता-उमेशचन्द शर्मा पुत्र श्री देवदत्त शर्मा, 6 डी 7 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा, मो. नं. 9414939665

ऊर्जा मंत्री के गृह क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से आमजन त्रस्त

कोटा, (निसं)। कांग्रेस सरकार के वक्त जिस कोटा शहर के नाम की देश और विदेश चर्चा हो रही थी सरकार बदलते ही 6 महीने में ही आमजन को ऐसे परेशान किया जा रहा है जैसे कोई टैक्स बकाया हो। भीषण गर्मी में कोटा शहर के हालात घोषित बिजली कटौती से दूर-दराज के गांव से भी बद्तर कर दिए। शहर की जनता भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती को सहन करने को मजूबर हो रही है, बिजली कटौती ने शहरवासियों की दिनचर्या को ही बदल दिया जबकि भाजपा सरकार के ऊर्जा मंत्री कोटा से ताल्लुक रखते हैं।

पूर्व मंत्री और कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल ने भाजपा सरकार पर बयान जारी कर आरोप लगाया है कि कोटा में बिजली कटौती और निजी बिजली कंपनी की तानाशाही को रोकने ने नाकाम हो रही है जबकि कांग्रेस सरकार ने बिजली कंपनी की कारगुजारियों को उजाकर कर मुकदमे तक दर्ज करवाकर जनता के प्रति सरकार की जिम्मेदारी को निभाया था। बिजली कंपनी को वापस भेजने के लिए भी हर संभव प्रयास किया था लेकिन भाजपा सरकार जनता बहुत परेशान करने में भागीदार बन रही है। ऊर्जा मंत्री मीटिंग लेकर इतिश्री कर रहे है।

भीषण गर्मी में अव्यवस्था का आलमः-विधायक शांति धारीवाल ने भीषण गर्मी में अव्यवस्थाओं को लेकर भी नाराजगी जाहिर की है उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से वार्ता कर अस्पतालों में रोगियों और तीमारदारों के लिए गर्मी से राहत पहुंचाने के नाकाफी इंतजामों को महज खाना पूर्ति बताते हुए कहा है कि अस्पताल और अन्य जगहों पर गर्मी से बचाव के लिए प्रॉपर व्यवस्थाएं की जाए अस्पताल के कई वार्डों में मरीज और उनके परिजन शुद्ध पेयजल और कूलर-पंखों के बिना परेशान हो रहे है वही धारीवाल ने कांग्रेस सरकार के वक्त कोटा नगर निगम में लाई गई पानी के छिड़काव करने की एंटी स्मोक गन का व्यवस्थित शेड्यूल बनाकर शहर की सड़कों पर पानी का छिड़काव करने को लेकर भी अधिकारियों से कहा। विधायक शांति धारीवाल ने राजस्थान सरकार पर कांग्रेस सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर जनता को परेशान करने का आरोप लगाया।

पं. नेहरू ने बड़े-बड़े बांधों, नहरों का निर्माण और हरितक्रांति लाकर देश को नई दिशा दी : रविन्द्र त्यागी

कोटा, (निसं)। आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व.पं जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर 27 मई सोमवार को स्टेशन रोड स्थित नेहरू गार्डन में शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनो ने नेहरूजी मूर्ति पर माल्यार्पण किया पुण्यतिथि को हरित क्रांति दिवस के रूप में मनाया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा देश की आजादी के बाद पं जवाहर लाल नेहरू ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में बागडोर संभाली। उन्होंने देश में बड़े-बड़े नहरों, बांधो, का निर्माण कर गांवो को शहर से जोड़कर हरितक्रांति लाकर देश को नई दिशा दी देश में पंचशील योजना लाए जिससे नव-भारत का निर्माण हुआ।

देश, विदेशों को शांति का पैगाम दिया उन्होंने कहा आजादी के बाद नेहरूजी देश का नव-निर्माण कर देश में नये आयाम स्थापित किये। रविन्द्र त्यागी ने कहा आज की वर्तमान तानाशाह मोदी व भाजपा की सरकारें

कोटा जिला कांग्रेस ने स्व.पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

महापुरुषों का नाम इतिहास के पन्नों से हटाने, देश को तोड़ने, कमजोर करने का षडयंत्र रच रही है धर्म की राजनीति कर संविधान, न्याय पालिका की खुलेआम

- कांग्रेसियों ने नेहरूजी की पुण्यतिथि मनाई

धज्जियां उड़ाई जा रही है त्यागी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इनके मंसूबो में कामयाब नही होने देगी। कांग्रेस पार्टी ने देश को मेहनत से बनाया है सांप्रदायिक तागते बिगाड़ने का काम कर रही है। भेदभाव की राजनीति कर रही है इसको देश की जनता देख रही है।

उन्होंने कार्यकर्ताओ को महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलने की सलाह दी। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस के नेता डॉ. विजय सोनी ने बताया कि गोष्ठी को प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजावत, महामंत्री रामेश्वर सुवालका, कांग्रेस नेता डॉ.विजय सोनी, पार्षद श्याम मीणा, सेवादल अध्यक्ष हंसराज गोस्वामी, उदयभान सिंह हाड़ा, विजय गुप्ता, राजेश चौहान, माणक चंद, रोहित अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, आदि मौजूद थे।

आवेदन 25 जून तक

कोटा, (निसं)। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कोटा में पंजीकृत वीरांगनाओं या पूर्व सैन्य अधिकारी की पत्नी जो स्नातक हो एवं जिसकी आयु न्यूनतम 30 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष हो, उनके लिए महिला वार्डन के पद पर एक वर्ष के लिए नियुक्ति की जानी है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल रविन्द्र सिंह राठौड़ (से.नि.) ने बताया कि आर.के. पुरम गर्ल्स कोचिंग छात्रावास में पूर्ण पारिश्रमिक वेतन 20,000 रूपये प्रतिमाह के आधार पर एक वर्ष के लिए नियुक्ति की जाएगी।

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांकः-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/3606 दिनांकः 27.5.24

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कान्ता मुकीम पत्नी स्व. श्री आनन्द कुमार मुकीम निवासी भूखंड संख्या 77-बी तलवण्डी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 77-बी तलवण्डी कोटा क्षेत्रफल 3000 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 77-बी तलवण्डी कोटा क्षेत्रफल 3000 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक एफ 1() सामान्य/74/9852-79 दिनांक 02.08.1974 से श्री किशन लाल पुत्र श्री बिहारी लाल को किया गया। श्री किशन लाल ने जर्ये रजिस्टर्ड मुख्तार नामा आम दिनांक 07.05.1985 से श्री अशोक पाल चौधरी पुत्र श्री काशीराम चौधरी को उक्त भूखंड का मुख्तार आम नियुक्त कर दिया। श्री अशोक पाल चौधरी ने जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 13.03.1986 से श्री आनन्द कुमार मुकीम पुत्र श्री मानमल मुकीम को विक्रय कर दिया। श्री आनन्द कुमार मुकीम का देहावसान दिनांक 06.03.2014 को हो जाने के उपरांत श्री आनन्द कुमार मुकीम के विधिक वारिसान श्री प्रदीप मुकीम पुत्र स्व. श्री आनन्द कुमार मुकीम, श्री संदीप कुमार मुकीम पुत्र स्व. श्री आनन्द कुमार मुकीम एवं श्री पंकज कुमार मुकीम पुत्र स्व. श्री आनन्द कुमार मुकीम ने जर्ये रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 09.04.2024 से उक्त भूखंड में से स्वयं का हक श्रीमती कान्ता मुकीम पत्नी स्व. श्री आनन्द कुमार मुकीम के पक्ष में त्याग दिया है। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

कोटा में संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने सोमवार को पुलिस थाना दादाबाड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विभिन्न कार्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थानाधिकारी एवं स्टॉफ से जानकारी ली कि परिवादी के शिकायत लेकर आने से लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने तक किस तरह की प्रक्रिया अपनाई जाती है। निर्देश दिए गए कि परिवादी को स्वागत कक्ष में बिठाकर तसल्ली से उसकी बात सुनी जाए और आवश्यक कार्यवाही कर उसे संतुष्ट किया जाए। दादाबाड़ी क्षेत्र में कोचिंग संस्थानों की जानकारी लेते हुए संभागीय आयुक्त ने कोचिंग विद्यार्थियों के दृष्टिगत् स्थितियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। दर्ज प्रकरण, निस्तारण, लम्बित प्रकरण इत्यादि की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान विभिन्न दस्तावेजों की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए।

विजयवर्गीय महासभा के राष्ट्रीय युवा संयोजक बने मुकेश

कोटा, (निसं)। विजयवर्गीय समाज की सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा की नव-मनोनीत राष्ट्रीय कार्यकारिणी में कोटा से जुड़े समाजसेवी मुकेश विजयवर्गीय को महासभा अध्यक्ष पूर्व महापौर श्री महेश विजयवर्गीय ने राष्ट्रीय युवा संयोजक नियुक्त कर शपथ दिलाई।

नव-नियुक्त नियुक्ति पर भाजपा कोटा शहर ज़िलाध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वैश्य समाज में राष्ट्रीय मंत्री व युवा प्रदेश प्रभारी के नाते समाजसेवा में अन्तर्राष्ट्रीय पहचान बनाने वाले मुकेश विजयवर्गीय राजनीति क्षेत्र में कई दायित्वों पर निर्वाहन करते हुये वर्तमान में कोटा शहर ज़िला महामंत्री व भाजपा राजस्थान के प्रवासी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हैं। वैश्य समाज के नाते व भाजपा में भी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रवास

मुकेश विजयवर्गीय

कर बैठक आयोजित कर समन्वय व अपनी माटी अपने देश के प्रकल्प पर कार्य किया है। राष्ट्रीय युवा संयोजक मुकेश विजयवर्गीय ने महासभा अध्यक्ष महेश विजयवर्गीय व मुख्य संरक्षक इंजि सी.पी.विजयवर्गीय का आभार जताते हुये कहा कि समाज की उत्तरोत्तर वृद्धि हेतु युवा वर्ग बताये कार्यो को गति देगा।ज्वैलर एसोसिएशन के राजू मंगोड़ीवाला, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल, अग्रवाल महासम्मेलन के युवा राष्ट्रीय महामंत्री हेमराज जिंदल, वैश्य महासम्मेलन के युवा ज़िलाध्यक्ष रामबाबू गुप्ता सहित कई प्रमुख संस्थाओं ने बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद दिया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खींची, रितेश चित्तौड़ा, देबू राही, ज़िला मंत्री रेखा खेलवाल, जयदेव सुखेजा, व्यापार प्रकोष्ठ के विक्रम खंडेलवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा के साहिल मिर्ज़ा व जावेद खान मंडल अध्यक्ष रविन्द्र सिंह हाड़ा, अनिल जैन, दिनेश शर्मा, भाजपा नेता किशोर सिंह, शर्मिला रघुवंशी सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.06.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

भरतपुर, भरतपुर, 138080730013045, 3046, 3048, भरतपुर राजस्थान, 135690730037798, 7850, भरतपुर, 138000700001632, 138000730016709, 6710, 6776, कोटा, गुमान पुरा, 112700730057821, 7897, केशवपुरा कोटा, 114320730042004, कोटा जंक्शन, 112630700026909, 6914, 6929, 6931, 112630730038849, 8871, नयापुरा कोटा, 112380700026000, 6007, 6017, 112380730034460, 4462, 4512, 4513, 4532,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगाः- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. कोटा ने अधिकारियों के दूरभाष नंबर जारी किए

कोटा, (निसं)। कार्यालय अधीक्षण अभियंता कोटा वृत्त जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. कोटा द्वारा भीषण गर्मी (हीट वेव) एवं बिजली कटौती, लोड शेडिंग को देखते हुए आपातकाल में होने वाली विद्युत समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही के लिए एवं विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए जिले के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों के दूरभाष नम्बर जारी किए हैं। अधीक्षण अभियंता कोटा वृत्त जयपुर डिस्कॉम ने बताया कि अधिशाषी अभियंता जिला खंड आशीष जौहरी के दूरभाष नंबर 9413390762 पर संपर्क कर सकते हैं। इसी प्रकार सहायक अभियंता ग्रामीण नागेन्द्र करनावत 9413390776 कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता दसलाना रिंकु गुप्ता 9413390813, कनिष्ठ अभियंता मंडाना 9413390814 व कनिष्ठ अभियंता रीको रानपुर हिंमाशु बैरवा 9414090179 के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। सहायक अभियंता कैथून जेपी नागर 9414022917 के कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता कैथून हेमन्त नेकवाल 9413391245 व कनिष्ठ अभियंता गलाना अजय सिंह 9414090210 के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। सहायक अभियंता सुल्तानपुर मुकेश हिंडोनिया 9413389719 कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता सुल्तानपुर रामलखन 9413390819, कनिष्ठ अभियंता बुढ़ादित दीपक राठौर 9414022927 व कनिष्ठ अभियंता बडौद राम लखन 9414022931 के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। सहायक अभियंता दिगोद बलराम विजय 9413389619 के कनिष्ठ अभियंता दीगोद ललित यादव 9414040590, कनिष्ठ अभियंता सिमलिया महेन्द्र मालव 9413390820 व कनिष्ठ अभियंता चोमा बिबु महेन्द्र नागर 9413389618 तथा सहायक अभियंता इटावा संदीप जैन 9413390780 कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता इटावा शहर हरिओम मेहता 9413390822 व कनिष्ठ अभियंता पीपल्दा रामावतार मीणा 9414019485 के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। अधिशाषी अभियंता सांगोद सुरेश सेडवाल 9414029330 के सहायक अभियंता सांगोद प्रमोद यादव 9413390777 कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता सांगोद शहर निखिल गुरावा 9414022926, कनिष्ठ अभियंता सांगोद ग्रामीण जितेन्द्र कुमार शर्मा 9413390816 आदि हैं।

डी.सी.एम. श्रीराम लिमिटेड में मॉक ड्रिल

कोटा, (निसं)। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के अमोनिया प्लांट के अमोनिया स्टोरेज टैंक के सेफ्टी वाल्व से अनियंत्रित अमोनिया गैस का रिसाव को रोकने के लिए सोमवार को एक मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल अमोनिया गैस के रिसाव जैसी आपातकालीन घटना के समय आपदा प्रबंधन को जांचने के लिए जिला प्रशासन, डीसीएम श्रीराम, एनडीआरएफ का संयुक्त आपदा प्रबंधन अभ्यास रहा जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने संबोधित करते हुए इस सफल आयोजन के लिये डीसीएम श्रीराम प्रबंधन, एनडीआरएफ, एसटीआरएफ, नगर निगम एवं अन्य सभी को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी।

उन्होंने इस आयोजन से सीख लेकर इस तरह के और मॉक ड्रिल्स आयोजित करने का आव्हान किया। पुलिस अधीक्षक शहर डॉ.अमृता दुहन ने इस आयोजन की प्रशंसा की एवं इसे और भी बेहतर बनाने के बहुमूल्य सुझाव दिये।

एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट योगेश मीना ने इस तरह के आयोजनों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया एवं एनडीआरएफ की आपदा प्रबंधन क्षमताओं के बारे में जानकारी दी। मॉक ड्रिल के माध्यम से बताया गया



कोटा डी.सी.एम. श्रीराम लिमिटेड में मॉक ड्रिल हुई है।

कि किस तरह अमोनिया गैस रिसाव जैसी आपातकालीन घटनाओं के समय त्वरित कार्यवाही करते हुए जनहानि को रोका जा सके।

मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन दस्ते द्वारा तुरंत छिड़काव शुरू कर काबू पाया गया। वहीं प्रभावित लोगों को तुरंत प्रभाव से फर्स्टएड दी गई। इस अवसर पर एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, नगर निगम का अग्निशामक दस्ता, नागरिक सुरक्षा दल, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, चंबल फर्टिलाइजर का अग्निशामक दस्ता एवं डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-1005 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांकः-27.05.24

नगर विकास न्यास कोटा की श्रीनाथपुरम-बी आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या 1138 का हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 05.03.2012 को श्री प्रेमबिहारी लाल पुत्र श्री रामनारायण नागर को किया गया था। श्री प्रेमबिहारी नागर की मृत्यु दिनांक 06.05.2021 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान श्रीमती जसोदा बाई पत्नी स्व. श्री प्रेमबिहारी नागर के द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास का अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 1138 योजना श्रीनाथपुरम-बी आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती जसोदा बाई पत्नी स्व. श्री प्रेमबिहारी नागर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-2100 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांकः-27.5.24

नगर विकास न्यास कोटा की योजना केशवपुरा-6 पुनर्वास का भूखंड/आवास संख्या 204 श्री हरिबल्लभ नामा पुत्र श्री चम्पालाल को आवंटन/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 07.11.1986 के द्वारा आवंटन/विक्रय किया गया था। आवंटी श्री हरिबल्लभ नामा पुत्र श्री चम्पालाल की मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान श्री गजेन्द्र नामा पुत्र स्व. श्री हरिबल्लभ नामा द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, रिलीज डीड, वारिसान शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 204 योजना केशवपुरा-6 पुनर्वास का नाम हस्तान्तरण श्री बलराम शर्मा पुत्र स्व. श्री नरोत्तम लाल शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-683 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांकः-27.5.24

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना आनन्दपुरा आवासीय योजना के भूखंड संख्या 161 का आवंटन श्रीमती कृष्णा देवी पुत्री श्री गोपीलाल को आवंटन पत्र क्रमांक 60 दिनांक 21.05.1986 को किया गया था। आवंटी श्रीमती कृष्णा देवी पुत्री श्री गोपीलाल की मृत्यु दिनांक 30.09.2015 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान हकदार श्री सूरजमल पुत्र श्री औंकार लाल द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड वसीयत, शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 161 आनन्दपुरा आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री सूरजमल पुत्र श्री औंकार लाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा